भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 6342

जिसका उत्तर 02.04.2026 को दिया जाना है

एक्सप्रेस-वे पर अनिवार्य सर्विस लेन

6342. श्री सुधाकर सिंह:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भारतमाला परियोजना के अंतर्गत बनाए गए एक्सप्रेस-वे पर सर्विस लेन का निर्माण नहीं किया जा रहा है;

(ख) क्या यमुना एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर सर्विस लेन की उपलब्धता से कृषि कार्यकलापों में सुविधा हुई है, स्थानीय वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हुई है और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है;

(ग) क्या सरकार भारतमाला परियोजना के हिस्से के रूप में बनाए जा रहे एक्सप्रेस-वे पर सर्विस लेन को अनिवार्य बनाने के लिए डिजाइन मानकों या दिशानिर्देशों में संशोधन करने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो ऐसे विचारण की वर्तमान स्थिति क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं क्योंकि स्थानीय निवासियों, किसानों और सड़क सुरक्षा के लिए सर्विस लेन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे (एनई) मुख्य रूप से ग्रीनफील्ड / ग्रामीण क्षेत्रों से होकर गुजरते हैं और इस प्रकार भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के कोडल प्रावधानों के अनुसार सेवा लेन प्रदान नहीं की जाती हैं।

(ख) यमुना एक्सप्रेसवे राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं है और यह उत्तर प्रदेश सरकार की परियोजना है।

(ग) और (घ) सर्विस लेन आम तौर पर स्थानीय संपर्कता की आवश्यकता के लिए प्रदान की जाती हैं। एक्सप्रेसवे आम तौर पर बस्तियों से दूर ग्रीनफील्ड संरेखण पर बनाए जाते हैं और अनियोजित विकास को बढ़ावा नहीं दिया जाता है। तदनुसार, एक्सप्रेसवे के साथ सर्विस रोड बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****